सं 15014/9/2010 सा प्रशा
भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
**अति तत्काल**

दिनांक 27 अक्तूबर, 2010
उद्योग भवन, नई दिल्ली

सेवा में,

संलग्न सूची के अनुसार

विषय :- माननीय इस्पात मंत्री के कार्यालय में प्रयोग हेतु कैबिनेट लैदर फोल्डर उपलब्ध कराने के लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करने के संबंध में ।

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर माननीय इस्पात मंत्री के कार्यालय में प्रयोग हेतु कैबिनेट लैदर फोल्डर विभिन्न आकार के (बडे 15 (FS), मध्यम 15 ( A-4) तथा छोटे 20 (A-8) जिस पर स्क्रीन प्रिटिंग में गोल्डन एम्बलैम एम्बोसड सहित इस्पात मंत्री लिखा जाना हैं की आपूर्ति की जाने के लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करने का निदेश हुआ हैं । कैबिनेट लैदर फोल्डर का नूमना किसी भी कार्यदिवस पर अनुभाग अधिकारी (सा प्रशा), कमरा सं 74, उघोग भवन, नई दिल्ली में देखा जा सकता हैं । अगर आपकी फर्म इसकी आपूर्ति की इच्छुक है तो अपनी निविदा मुहरबंद लिफाफे में **दिनांक 03.11.2010 तक सुबह 11.00 बजे तक** उघोग भवन के गेट सं 1 के स्वागत कक्ष पर रखे निविदा बॉक्स में डाल दें । लिफाफे के बाहर स्पष्ट शब्दों में **इस्पात मंत्रालय में कैबिनेट लैदर फोल्डर की आपूर्ति के लिए निविदा** लिखा होना चाहिए । निविदाएं आवेदक फर्मों के इच्छुक प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उसी दिन अर्थात दिनांक **03.11.2010 को सुबह 11.30 कमरा सं 74, सामान्य प्रशासन अनुभाग, इस्पात मंत्रालय, उघोग भवन, नई दिल्ली में खोली जाएगी ।**

2 निविदा के साथ ₹ 2,000/- राशि का बैंक ड्राफट जो वेतन एवं लेखा अधिकारी के नाम देय हो संलग्न किया जाना आवश्यक है । अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा ।

भवदीय

( अतुल कुमार सिंह )
अनुभाग अधिकारी
दूरभाष 2306 2537